# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Vinod Pandey (Reg. No. 2240256) Add:- Vill +Po- Diliya, P.S- Chauri Dilia Dist-Bhojpur Pincode: 802201 के निबंधन को **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10312** दिनांक **25.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 31.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

21/11/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/ संवेदक Vinod Pandey, Add:- Vill +Po- Diliya, P.S- Chauri Dilia Dist-Bhojpur Pincode: 802201 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 उपस्थित।

प्रस्तुत मामला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III कार्य प्रमंडल, किशनगंज–02 के अधीन MRL15-CHURLI CHOWK TO BAZAR BASTI BENGAL SIMA TAK RCC BRIDGE AT MRL15-CHURLI CHOWK TO BAZAR BASTI BENGAL at Ch-1.980km (Package No. BR18P3R162) Tender ID- 140390 की निविदा में संवेदक Vinod Pandey (Reg. No. 2240256) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक **10312 दिनांक 25.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 31.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया के पत्रांक 1813 दिनांक 27.05.2022 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, अररिया के पत्रांक 1117 दिनांक 13.05.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र उनके प्रमंडल से निर्गत नहीं किया गया है।
3. उक्त के आलोक में संवेदक द्वारा अपना आवेदन समर्पित करते हुए 15 (पन्द्रह) दिनों की मॉग की गयी, जिसे विभागीय समीक्षोपरान्त अस्वीकृत कर दिया गया।
4. तद्आलोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश **ज्ञापांक 10312 दिनांक** 25.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
5. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 31.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित करते हुए उक्त कालीकरण आदेश को निरस्त एवं रोक लगाये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Vinod Pandey (Reg. No. 2240256) से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए **विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10312 दिनांक 25.09.2025** द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 2240256) को **दिनांक 25.09.2025 से** 03 (तीनः) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–239 / 2025 12106 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/11/25

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–239 / 2025 12106 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल प्रदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–239 / 2025 12106 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

28/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–239 / 2025 12106 / पटना, दिनांक 1.12.25

निबंधत

प्रतिलिपिः– संवेदक Vinod Pandey, Add:- Vill +Po- Diliya, P.S- Chauri Dilia Dist-Bhojpur Pincode: 802201 को सूचनार्थ प्रेषित।

28/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–239 / 2025 12106 / पटना, दिनांक– 1.12.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव